पशु पालन व कुक्कुटपालन प्रशिक्षण 21 से

जालना | महाराष्ट्र उद्योजकता विकास केंद्र द्वारा शास्त्रीय प्रशिक्षण के माध्यम से जालना में पशु पालन व कुक्कुटपालन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। सुशिक्षित बेरोजगारों युवक-युवती को उद्योजकता प्रशिक्षण देकर उद्योग व्यवसाय आरंभ करने के संदर्भ में मार्गदर्शन व सहायता की जाती है। महाराष्ट्र उद्योजकता विकास केंद्र द्वारा उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जालना में 21 से 31 मई 2018 तक के कालावधि के लिए आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में उद्योजक विषय विविध विषयों पर तज्ञों द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा। जिसमें पशु पालन, कुक्कुटपालन, कुक्कुटपालन की विशेषता, प्रक्रिया पर आधारित उद्योग, व्यवसाय के संदर्भ में मार्गदर्शन किया जाएगा। इसी के साथ उद्योकजकीय व्यक्तित्व विकास, उद्योजक व्यवस्थापन, विपनण, नए प्रकल्प निर्माण करना, उद्योग अवसरों का मार्गदर्शन, शासन की विविध कर्ज योजनाओं पर मार्गदर्शन किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्ष तक के प्रशिक्षणार्थी सहभागी हो सकते हैं। पात्रता धारक व स्वयं उद्योग व्यवसाय आरंभ करने के इच्छुक युवक युवतियों को प्रवेश व अधिक जानकारी हेतु 19 मई से पूर्व आशीष उज्जैनकर से संपर्क करने का आह्वान प्रकल्प अधिकारी, एमसीईडी, जिला उद्योग केंद्र अतिरिक्त औद्योगिक वसाहत, औरंगाबाद रोड जालना द्वारा किया गया है।

www.digitaldg.in